प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.03.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे बजट सत्र के दूसरे चरण की आज तीसरी बैठक है। सदन की कार्यवाही के दौरान कई शासकीय व विधायी कार्य निपटाए जाएंगे।

विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दूसरे चरण में पक्ष और विपक्ष के विभिन्न मुददों पर लगातार नोकझोक देखने को मिल रही है। सदन में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव–पर चर्चा व पारण होगा। इसके अलावा आज सत्र में मौखिक उत्तर के लिए विभिन्न सदस्यों के कुल 31 प्रश्न रखे गए हैं, मुख्यतः प्रश्न स्वास्थ्य सेवा, विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को भरने, प्रधानमंत्री आवास व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, विशेष राहत पैकेज, ऊर्जा उत्पादन, पर्यटन, फोरलेन, बीपीएल सर्वे, विधायक प्राथमिकता, जैविक खेती, खिलाड़ियों और जल शक्ति विभाग के अलावा अन्य सवालों के प्रश्न संबंधित विभा गों के मंत्रियों से पूछे जाएंगे। वहीं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कल 21 मार्च को वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए सदन में बजट प्रस्तुत करेंगे।

इंदु गोस्वामी

केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि पीएम श्री स्कूल योजना के तहत हिमाचल के एक सौ 99 स्कूलों का चयन किया गया है। राज्यसभा सांसद इंदुबाला गोस्वामी द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी देते हुए बताया कि इन स्कूलों में केन्द्र सरकार की वित्तीय सहायता से कम्पयूटर लैब, स्मार्ट क्लासरूम, लाईब्रेरी व इंटरनेट सहित अति आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल कार्यान्वयन के लिए देश भर में 14 हजार 5 सौ स्कूलों का चयन किया जाना है जिसमें से अभी तक 33 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों में 13 हजार 91 स्कूल चयनित किए जा चुके हैं।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश की ऊंची चोटियों पर पिछले तीन दिनों से हिमपात जबकि मैदानी इलाकों में वर्षा का क्रम लगातार जारी है। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट के चलते जहां ठंड बढ़ गई है वहीं कुछ क्षेत्रों में जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। वर्षा और हिमपात के चलते प्रदेश के कुल्लू, चंबा, किन्नौर और लाहौल स्पीति जिले में जनजीवन प्रभावित हुआ है। कुल्लू शहर के मठ इलाके से हो रहे भू–स्खलन के चलते इनर अखाड़ा बाजार के आधा दर्जन मकानों को प्रशासन ने एहतियात के तौर पर खाली करवा दिया है। अटल टनल रोहतांग के आसपास करीब तीन फीट तक हिमपात हो चुका है और ये टनल फिलहाल सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद है। इधर चंबा जिले में बर्फबारी और वर्षा से जनजीवन प्रभावित हुआ है। जिले के भरमौर और तीसा क्षेत्र के कुछ इलाके में बिजली व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए विभाग के कर्मचारी लगातार कार्य कर रहे हैं। लाहौल स्पीति जिले में बर्फबारी के चलते 134 सड़कों के अलावा 193 बिजली के ट्रांसफार्मर भी

ठप्प पड़े हैं। किन्नौर जिले के छितकुल में अभी तक एक फुट ताजा बर्फबारी हो चुकी है। जिले में बिजली व्यवस्था पर भी असर पड़ा और किसान–बागवानों को अपने मवेशियों के चारे की चिंता भी सताने लगी है। हालांकि कृषि क्षेत्र के लिए हिमपात और वर्षा लाभकारी मानी जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात, निचले क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बिजली चमकने, वर्षा और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

नवरात्रि

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन आज माता दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रहमचारिणी की विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु कतारबद्ध होकर माता रानी के चरणों में नतमस्तक होकर सुख–समृद्धि की कामना कर रहे हैं। मां ब्रहमचारिणी का यह स्वरूप विकास की नई शुरूआत और समृद्धि को दर्शाता है। विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ और नवरात्र मेलों के चलते प्रशासन द्वारा लोगों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

बाला सुंदरी मंदिर

इस बीच सिरमौर जिले के नाहन के समीप उत्तरी भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठ महामाया माता बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में चैत्र नवरात्रे के दौरान पहली बार कल शिव गौरा महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान यहां आस्था और भक्ति का अदभुत संगम देखने को मिला। महाआरती में पहुंचे एसडीएम व संयुक्त आयुक्त त्रिलोकपुर मंदिर न्यास राजीव सांख्यान ने बताया कि अष्टमी पर होने वाली आरती प्रक्रिया में और बदलाव कर इसे अधिक बेहतर बनाने के प्रयास किए जाएंगे।

जनगणना तैयारी

वर्ष 2027 में दो चरणों में होने वाली जनगणना को लेकर देश सहित प्रदेश भर में कर्मचारियों को लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है। पहली बार डिजिटल माध्यम से होने वाली इस जनगणना के लिए स्मार्ट फोन आधारित मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग किया जाएगा जिससे डेटा का संकलन और प्रंसकरण पहले की तुलना में तेज और स्टीक तरीके से किया जा सकेगा। चंबा जिले में भी जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण व आवासों से संबंधित जानकारी एकत्रित करने के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।